हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 6 अगस्त, 2025

तापमान
अधिकतम 35 .6 डिग्री
न्यूनतम 24 .5 डिग्री

12 नई अनाजमंडी में आयोजित होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह



12 साहा से कालपी शहजादपुर जाने वाली सड़कें बने फोरलेन



## खबर संक्षेप

### अफीम सहित आरोपी काबू, रिमांड पर लिया

**अंबाला।** थाना शहजादपुर के गांव सौंतली मोड़ के पास से नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र को 500 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। उसे 3 दिन के रिमांड पर लिया गया है। 4 अगस्त 2025 को सीआईए-नारायणगढ़ को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। पुलिस ने सौंतली मोड़ के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया था। तलाशी के दोरान ही उसके कब्जे से 500 ग्राम अफीम बरामद की थी। शहजादपुर में उसके खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है।

### मारपीट के मामले में चार लोग गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर में दर्ज मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी विकास कुमार, दलीप कुमार, चंदन कुमार व एक महिला को गिरफ्तार किया है। न्यू रतनगढ़ के रहने वाले सुनील ने 4 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उपरोक्त आरोपियों ने मिलकर उसकी गाड़ी को रास्ते में रोककर उससे व उसकी पत्नी से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### ढाबे से 45 बोतल अवैध शराब बरामद की

**इसराना।** थाना इसराना पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर दबिश देकर डाहर टोल टैक्स के पास स्थित पहलवान ढाबे से 45 बोतल अवैध शराब बरामद कर ढाबा संचालक को गिरफ्तार किया है। थाना इसराना प्रभारी सब इंस्पेक्टर महीपाल ने बताया कि ढाबे से 12 बोतल अंग्रेजी शराब व 33 बोतल देसी शराब बरामद हुई है। आरोपी की पहचान अमित पुत्र इंद्र सिंह निवासी नौल्था के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी अमित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार 30 हजार नकदी बरामद

**समालखा।** समालखा चौकी पुलिस ने दुर्गा कॉलोनी के नजदीक पावर हाउस रोड पर श्रमिकों के कमरों से नगदी चोरी करने के आरोपी को भापरा मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अधमी गांव निवासी आशीष के रूप में हुई है। उसने समालखा में पावर हाउस रोड पर 15 जुलाई को श्रमिकों के कमरों पर ताला लगाकर नगदी चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बचे 30 हजार रूपए व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### ट्यूबवेल के तार चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने गांव डाडोला में खेत से बिजली की तार चोरी करने के तीन आरोपियों को सिवाह बस अड्डे के नजदीक से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान महादेव कॉलोनी निवासी रिजवान, आसिफ व जगदीश कॉलोनी निवासी सरफराज के रूप में हुई है। आरोपियों ने 17 जून की रात डाडौला गांव के खेतों में एक ट्यूबवेल से करीब 75 फुट लंबी बिजली की तार चोरी करने की वारदात को स्वीकार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से बचे 3400 रूपए बरामद कर तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### कैथल के खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग में जीते 11 पदक

**कैथल।** प्रदेश के चार जिलों में हुए पहले चरण के राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के खेल संपन्न हो चुके हैं। कैथल से विभिन्न 11 खेलों में 271 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। खिलाड़ियों ने बाक्सिंग, ताइक्वांडो और एथलेटिक्स खेलों में कुल 17 पदक जीते हैं। जिले के बाक्सिंग खिलाड़ियों ने रोहतक में हुए मुकाबलों में 11 पदक अपने नाम किए हैं। खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक, एक रजत और छह कांस्य पदक जीते हैं।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में गरजे बिजली कर्मचारी, सौंपा ज्ञापन

व्यावहारिक नहीं है ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी : कर्मचारी यूनियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर करनाल सर्कल की चारों यूनिटों में बिजली कर्मचारियों ने आदर्श ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन कर कार्यकारी अभियंता के माध्यम से बिजली मंत्री और अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।

- बार-बार तबादलों से तकनीकी कार्यों में बाधा आएगी

यूनिट स्तरीय बैठकों की साझा अध्यक्षता अजीत सैनी, संजिल कुमार, राजीव राठी और नरेंद्र पहल ने की। संचालन सिटी यूनिट सचिव जगमाल ने किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार से इस नीति को तत्काल वापस लेने की मांग की। राज्य उप महासचिव राजेंद्र राणा और राज्य सचिव सतीश मान ने कहा कि बिजली विभाग एक तकनीकी विभाग है जहां लाइन ऑपरेशन जैसे कार्यों के लिए अनुभव और निरंतरता आवश्यक है। बार-बार तबादलों से तकनीकी कार्यों में बाधा आएगी और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ेगी।



करनाल। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के दूरदराज तबादले मानसिक, पारिवारिक और आर्थिक रूप से तनावपूर्ण साबित होते हैं।

### 20 को उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपेंगे कर्मचारी

इसके साथ ही बच्चों की शैक्षणिक व्यवस्था भी प्रभावित होती है। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस नीति को वापस नहीं लेती, तो 20 अगस्त को अधीक्षक अभियंताओं के माध्यम से उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### इन्होंने किया संबोधित

राज्य कमेटी नेता मलकीत सिंह, रमेश, विकास कुमार, पूर्व उपप्रधान एन.पी. सिंह चौहान, रमेश शर्मा, जोगिंदर सिंह, दीपक, संजीव कुमार, नवीन, रविंद्र मान, रॉबिन पाल, राकेश मेहता, जयकुमार, सुरेंद्र कंबोज, प्रदीप कुमार, युवराज, छत्रपाल राणा, हरीश चोपड़ा, सतीश कुमार, समे सिंह, कैलाश चंद, महिमा सिंह, साहिल सैनी, आनंद सिंह, संजीव मलिक, सुनील सिंघल, कमलजीत, पवन, मोहन, राजेंद्र सिंह, विनोद कुमार और यश आदि कर्मचारियों ने संबोधित किया।



नारायणगढ़। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में ज्ञापन देते यूनिट के सदस्य।

### जेइ को सस्पेंड करने का विरोध

**पानीपत।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने सरकार की ऑनलाइन तबादला नीति का विरोध करते हुए व अंकित जेइ को गलत तरीके से सस्पेंड करने के विरोध में प्रदर्शन किया और कार्यकारी अभियंता के माध्यम से बिजली मंत्री हरियाणा व अतिरिक्त मुख्य सचिव बिजली विभाग को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्षता संयुक्त रूप से सब अर्बन यूनिट प्रधान राकेश व सीटी यूनिट प्रधान दलेल शर्मा ने की व संचालन राज्य कमेटी के सदस्य अमित कुमार ने किया। राज्य कमेटी सदस्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन तबादला नीति बिजली विभाग में लागू नहीं हो सकती क्योंकि टेक्निकल स्टाफ को कई सालों में बिजली की लाइनों का ज्ञान होता है अगर उन्हें नई जगह पर भेजा जाता है तो जानकारी के अभाव में आए दिन दुर्घटना होगी। इसलिए यूनियन इस पॉलिसी का विरोध करती है। सर्कल सचिव सत्येंद्र पूनिया ने कहा कि अंकित जेइ को गलत आरोप लगाकर सस्पेंड किया गया है। जिससे यूनियन को मजबूर होकर इस प्रदर्शन को आगे बढ़ाते हुए कल से सर्कल स्तर पर ले जाया जाएगा।

### बिजली मंत्री को भेजा ज्ञापन

**नारायणगढ़।** ऑल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन ने मंगलवार को यूनिट प्रधान एस कुमार सैनी के नेतृत्व मे मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में एक ज्ञापन कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन ) के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करके बिजली मंत्री व अतिरिक्त मुख्य सचिव (बिजली विभाग) के नाम सौंपा। एक्सईएन विशाल सैनी के मौके पर न होने की वजह से विकास बंसल एसडीओ नें आकर ज्ञापन लिया। यूनिट प्रधान एस कुमार सैनी ने बताया कि ऑल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन की 11 जुलाई 2025 की राज्य वार्ता समिति की मीटिंग के निर्णय के अनुसार दिनांक 29 जुलाई 2025 दिन मंगलवार को पूरे प्रदेश की सभी सब यूनिटों पर मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की प्रतियां जलाकर सफल विरोध प्रदर्शन किया गया था। इस अवसर पर यूनिट सेक्रेटरी अरुण कुमार, यूनिट कैशियर कुलदीप सिंह, धर्मवीर सिंह नागरा सब यूनिट से प्रधान कृष्णा पंडित, सचिव चरण सिंह गुज्जर, संजीव कुमार, सब यूनिट शहजादपुर से प्रधान अनील कुमार, सचिव लखविंदर सिंह, दर्शन लाल, शमशेर सिंह, रजत सैनी, गुरमीत सिंह राठी, जगबीर सिंह, रिम्पी, जसविंदर सिंह, कमलजीत सिंह, करणबीर सिंह, पंकज शर्मा, कुलदीप आदि कर्मचारी मौजूद थे।

## डंपर के नीचे आने से बाइक चालक की मौत

- पिपली-लाडवा मार्ग पर अनाज मंडी के समीप हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पिपली-लाडवा मार्ग पर अनाज मंडी के समीप डंपर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल चालक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक मोटरसाइकिल चालक की पहचान करीब 25 वर्षीय सचिन निवासी वार्ड 9 झगूडी रादौर के तौर पर हुई है। घटना को अंजाम देकर डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने मृतक सचिन के जीजा कुलदीप की शिकायत पर डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में कुलदीप ने बताया कि उसका साला सचिन पिछले करीब 8 सालों से मेरे पास रह रहा था। जो नये बस स्टैंड कुरुक्षेत्र पर कैंटीन मे नौकरी करता था। मंगलवार सुबह वह और उसका साला सचिन काम के लिए अपने घर से कुरुक्षेत्र के लिए निकले थे। सचिन अपनी मोटर साईकिल पर सवार था व उसके पीछे-पीछे थोड़ी सी दूरी पर ही वह अपनी मोटर साईकिल पर सवार था। जब अनाज मंडी पिपली के पास पहुंचे तो उसी समय लाडवा की तरफ से एक डंपर चालक ने अपने डंपर को बड़ी तेज गति व लापरवाही से चलाता हुए उसके साले की मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी। क्कर लगते ही सचिन डंपर के आगे फस गया व थोड़ी दूर डंपर चालक सचिन को घसीटता हुआ ले गया व अपने डंपर को रोक कर मौका से भाग गया।

## अमेरिका भेजने के नाम पर 27 लाख ठगे

- पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एजेंट के खिलाफ दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अमेरिका भेजने के नाम पर 27 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। पुलिस ने गरनाला गांव निवासी हरप्रीत सिंह की शिकायत पर पंजोखरा थाने में मामला दर्ज किया है। हरप्रीत सिंह ने बताया कि उनके भतीजे विजय कुमार ने उन्हें हर्ष ढिल्लों नामक व्यक्ति से मिलवाया। उसने खुद को विदेश भेजने का लीगल एजेंट बताया।

विजय ने उन्हें विश्वास दिलाया कि वह हर्ष के माध्यम से न केवल अपनी दोस्त, बल्कि दो-तीन अन्य लोगों को अमेरिका भेज चुका है। अब वो उन्हें भी पूरी तरह कानूनी तरीके से टूरिस्ट वीजा पर अमेरिका भेजेगा। फिर वहीं वर्क परमिट और नौकरी दिलवाएगा। विजय ने बार-बार गारंटी दी कि हर्ष ढिल्लों का काम भरोसेमंद है। उसने कई रिश्तेदारों को विदेश भिजवाया है। 12 अप्रैल को डेरा बस्सी एक रेस्त्रां में मुलाकात के दौरान हर्ष ने भी दावा किया कि 15 दिनों में उनका काम हो जाएगा। इन आश्वासनों और रिश्तेदारी के भरोसे के चलते उन्होंने हर्ष ढिल्लों और विजय को ऑनलाइन बैंक ट्रांजेक्शन और कुछ नकद माध्यम से अप्रैल माह में 35 लाख की राशि दे दी। पैसा लेने के बाद हर्ष ढिल्लों ने वादा खिलाफी शुरू कर दी। हालांकि दबाव पड़ने पर आरोपी ने उनके कुछ पैसे वापिस कर दिए। परिवादी का आरोप है कि आरोपी ने उनके 27 लाख रुपये ठग लिए हैं।

### केमिकल के नाम पर 7.11 लाख ठगे

**यमुनानगर।** जगाधरी ओरगो फार्मा एंड फ्यूल्स एलएलपी कंपनी के संचालक के केमिकल सप्लाई करने के नाम पर एक व्यक्ति ने सात लाख 11 हजार 800 रुपये ठग लिए। हिमाचल के पांवटा साहिब निवासी सूरज शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने जगाधरी के लकड़हारन गली में ओरगो फार्मा एंड फ्यूल्स एलएलपी नाम स कंपनी बना रखी है। गत 18 जुलाई को उनके पास इंडिया मार्ट से उर्मी केमिकल्स नाम की एक फर्जी कंपनी के नाम पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने उन्हें केमिकल सप्लाई करने की पेशकश की। इसके बाद सूरज की आरोपी से मोबाइल फोन और व्हाटसएप पर कई बार बातचीत हुई। इस दौरान आरोपी ने खुद को सचिन सिंघानिया बताया और कास्टिक सोडा फ्लेक्स और सोडा ऐश लाइट बेचने की डील की। इस दौरान आरोपी ने केमिकल सप्लाई करने के लिए ट्रक का किराया 36 हजार रुपये बताया और फिर केमिकल की कीमत बता कर सात लाख 11 हजार 800 रुपये बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए।

## बाढ़ की आशंका के चलते फ्लड कंट्रोल रूम बनाया

- आपदा की स्थिति में सूचना मिलते ही होगी तुरंत कार्रवाई : संजीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

बरसात के मौसम में संभावित बाढ़ एवं जल भराव जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हुई हैं। इसी कड़ी में तहसील कार्यालय में फ्लड कंट्रोल रूम स्थापित है।

नायब तहसीलदार संजीव अत्रि ने बताया कि यह कंट्रोल रूम 24 घंटे, सप्ताह के सातों दिन (24×7 ) निरंतर कार्यरत है ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में आमजन को तुरंत सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने बताया कि फ्लड कंट्रोल रूम का हेल्पलाइन नंबर 01734-284002 है। कोई भी व्यक्ति यदि जलभराव, बाढ़ या अन्य आपात स्थिति का सामना करता है तो वह इस नंबर पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है। कंट्रोल रूम में कॉल रिसीव कर तुरंत संबंधित विभागों को सूचित किया जाएगा। आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली को प्रभावशाली बनाए रखने के लिए वहां कर्मचारियों की ड्यूटी रोटेशन प्रणाली के तहत निर्धारित की हुई है, जिससे हर समय स्टाफ की उपस्थिति बनी रहे। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने की बजाय फ्लड कंट्रोल रूम से संपर्क करें तथा प्रशासन का सहयोग करें, ताकि किसी भी संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

## युवक ने 12 वर्षीय बच्ची से की अश्लील हरकत

**यमुनानगर।** बारह वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मामले में आरोपी की तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक जगाधरी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह के वक्त उनकी बारह वर्षीय बेटी ने रोना शुरु कर दिया। उन्होंने बेटी से पूछा कि उसके रोने का कारण क्या है। इस दौरान उसकी बेटी ने बताया कि रणजीत नामक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की है और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने तुरंत पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जगाधरी शहर थाना प्रबंधक को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस ने बच्ची के पिता की शिकायत पर आरोपी रणजीत के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

- आरोपी ने बच्ची को जान से मारने की धमकी दी
- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया मामला दर्ज

## डीसी उत्तम सिंह को हरियाणा ओलंपिक संघ में कार्यकारी सदस्य किया गया नियुक्त

**करनाल** । डीसी उत्तम सिंह को हरियाणा ओलंपिक संघ में कार्यकारी सदस्य नियुक्त किए जाने पर संघ के अध्यक्ष कैप्टन जसविंदर मीनू बेनीवाल ने उनकी नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। कैप्टन जसविंदर मीनू बेनीवाल ने कहा कि उत्तम सिंह जैसे सक्षम, दूरदर्शी और समर्पित अधिकारी का संघ से जुड़ना गर्व की बात है। डीसी उत्तम सिंह का गतिशील नेतृत्व और प्रशासनिक अनुभव संघ के कामकाज और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि उत्तम सिंह की भागीदारी से हरियाणा में खेलों के क्षेत्र में प्रगतिशील विकास होगा, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को खेलों में भाग लेने और सभी स्तरों पर खेलों को बढ़ावा देने का प्रोत्साहन मिलेगा। उनका नेतृत्व संसाधनों को सही दिशा में लगाने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने में मदद करेगा।

## कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी कर्णदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। बरनाला के बलजिंद्र सिंह ने 27 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 नवंबर 2023 को आरोपी कर्णदीप सिंह तथा अन्य ने उसे विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### सीवर नेटवर्क व सड़कों पर तोड़फोड़, निर्माणकर्ताओं को चेतावनी

# करनाल में चार अवैध कॉलोनियों पर चली जेसीबी

- कार्रवाई के दौरान पुलिस और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज़ करनाल

जिला नगर योजनाकार करनाल की अगुवाई में थाना करनाल शहर व थाना सिटी की पुलिस, ड्यूटी मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त जिला नगर योजनाकार की निगरानी में सोमवार को चार अवैध कॉलोनियों में बड़ी तोड़फोड़ कार्रवाई की गई।

इन सभी कॉलोनियों में सिवर नेटवर्क, पक्की व कच्ची सड़कें और निर्माणाधीन मकानों को गिराया गया। पहली कॉलोनी करीब 3 एकड़ में फैली हुई थी, जो रेलवे पुल के पास घोघरपुर रोड पर स्थित थी। यहां संपूर्ण सीवर नेटवर्क व सभी सड़कें तोड़ी गईं। दूसरी कॉलोनी भी लगभग 3 एकड़ क्षेत्र में गिर्रड़ वाला पीर के पास स्थित थी। इसमें 8 निर्माणाधीन मकान, पक्की और कच्ची सड़कों की पूरी तरह से तोड़फोड़ की गई।तीसरी कॉलोनी, जो कि करीब 1.75 एकड़ में रेलवे अंडरपास के पास शिव कॉलोनी रोड पर स्थित थी, यहां 3 डीपीसी, 3 निर्माणाधीन मकान, सीवर नेटवर्क और सड़कें ध्वस्त की गईं। चौथी कॉलोनी लगभग 5 एकड़ में पी.पी. मोटर्स के पीछे स्थित थी। यहां भी सीवर नेटवर्क और सड़कों पर तोड़फोड़ की गई। नगर योजनाकार की टीम ने स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी अवैध कॉलोनी में निर्माण की अनुमति नहीं है, और यदि किसी ने उल्लंघन किया, तो दूसरे विभागों द्वारा भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में पुलिस बल, नगर योजनाकार कार्यालय, व संबंधित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।




करनाल। अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ करती जेसीबी। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। *फोटो : हरिभूमि*

## किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद

- अश्लील वीडियो दिखाकर करता था ब्लैकमेल, रेप की वजह से गर्भवती हो गई थी पीड़िता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

वीडियो के जरिए ब्लैकमेल कर किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में एडीजे डॉ. मनपाल रामावत की अदालत ने पानीपत के रवि को 20 साल कैद की सजा सुनाई। सजा से बचने के लिए दोषी के वकील ने उसके मां-बाप की बीमारी का हवाला भी दिया।

अदालत ने बचाव पक्ष की सभी दलीलों को सिरे से खारिज कर रवि को मुजरिम करार देते हुए कड़ी सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के बाद मुजरिम को पुलिस सुरक्षा में अंबाला सेंट्रल जेल भेजा गया है। मामला अगस्त 2022 का है। तब मुजरिम ने 15 वर्षीय किशोरी को अश्लील वीडियो दिखाकर उसका शारीरिक शोषण किया था। मुजरिम रवि ने पहले पहले किशोरी की अश्लील वीडियो बनाई और फिर वीडियो का माता-पिता को दिखाने के नाम पर ब्लैकमेल करता रहा। इस दौरान किशोरी गर्भवती हो गई।

### बच्ची को जन्म दिया

उसने एक बच्ची को जन्म दिया। मामला उजागर होने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। केस की सुनवाई के दौरान अब अदालत ने रवि को मुजरिम करार देते हुए 20 साल के कारावास की सजा सुनाई है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक ट्रांसफर ड्राइव की मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी

**करनाल।** शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति, हरियाणा ने राज्य सरकार को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि शिक्षकों की लंबे समय से लंबित ट्रांसफर ड्राइव जल्द शुरू नहीं की गई, तो प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण और राज्य प्रेस सचिव ऋषिराज नरवाल ने कहा कि समिति पिछले दो वर्षों से शांतिपूर्वक प्रयास कर रही है, लेकिन सरकार की ओर से अब तक ट्रांसफर ड्राइव का कोई शेड्यूल जारी नहीं किया गया है, जिससे हजारों शिक्षक अस्थायी स्टेशनों पर काम करने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं और विधानसभा चुनाव के बाद ट्रांसफर शुरू करने का वादा भी किया गया था।

### हिसार एयरपोर्ट के पास बनेगा नया गोदाम

**करनाल।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने हरियाणा राज्य भंडारण निगम की घोषणाओं की समीक्षा के दौरान बताया कि हिसार एयरपोर्ट के पास नया गोदाम बनाया जाएगा जिसकी क्षमता एक लाख टन होगी। इसके निर्माण के लिए अतिरिक्त भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस गोदाम से फसल की तुलाई व बिक्री की प्रक्रिया सुलभ होगी, किसानों को फसल बेचने में परेशानी नहीं होगी और मंडी में भीड़ भी घटेगी। साथ ही वहां खरीद केंद्र भी स्थापित किया जाएगा।

## निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न, प्रसारित सामग्री पर सख्ती निर्देश

# जिले में आपत्तिजनक कंटेंट की शिकायत कर सकते हैं नागरिक, होगा सख्त एक्शन

### प्रसारित सामग्री में किसी भी समुदाय विशेष को ठेस न पहुंचे तथा सामग्री निष्पक्ष व संतुलित होनी आवश्यक: एडीसी


करनाल। निगरानी समिति की बैठक लेते एडीसी सोनू भट्ट।


**करनाल।** नगर निगम कर्मचारियों की बैइक लेतीं निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

लोकल केबल टीवी नेटवर्क और अन्य प्रसारण माध्यमों की निगरानी के लिए जिला स्तर पर गठित समिति की बैठक मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में प्रसारण अधिनियम 1995 की सभी हिदायतों की अनुपालना सुनिश्चित करने तथा प्रसारित सामग्री पर निगरानी के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए।

एडीसी सोनू भट्ट ने कहा कि समिति का उद्देश्य आमजन को एक ऐसा मंच देना है जहां वे केबल, डीटीएच हिट्स, आईपीटीवी, निजी एफएम चैनल और सामुदायिक रेडियो स्टेशनों पर प्रसारित किसी भी आपत्तिजनक या भ्रामक सामग्री के संबंध में शिकायत दर्ज करवा सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस दिशा में केबल टीवी नेटवर्क अधिनियम 1995 की व्यापक जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थानीय कंटेंट प्रसारण करने वाले केबल नेटवर्क्स की नियमित निगरानी की जाए और समय-समय पर समिति की बैठकें आयोजित कर स्थिति की समीक्षा की जाए। एडीसी ने कहा कि प्रसारित सामग्री में किसी भी समुदाय विशेष को ठेस न पहुंचे तथा सामग्री निष्पक्ष व संतुलित हो, यह सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। समिति के सदस्यों को निर्देशित किया गया कि वे मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित हो रही सामग्री पर सतर्क दृष्टि बनाए रखें और किसी भी नियम उल्लंघन की स्थिति में तुरंत समिति को अवगत कराएं। उन्होंने यह भी बताया कि समिति यह निगरानी भी करती है कि दूरदर्शन, लोकसभा और राज्यसभा के सभी अधिसूचित अनिवार्य चैनल सही प्रकार से प्रसारित हो रहे हैं या नहीं।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मल्टी सिस्टम ऑपरेटर (MSO) और स्थानीय केबल ऑपरेटर (LCO) के पंजीकरण की वैधता की समय-समय पर जांच की जाए, ताकि अनधिकृत चैनलों या ऑपरेटरों की गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। इस अवसर पर डीआईपीआरओ मनोज कौशिक, असंध नगर पालिका सचिव प्रदीप कुमार, राजकीय कन्या महाविद्यालय करनाल के प्रो. डॉ. बलबीर सिंह, भगवान वाल्मीकि जन कल्याण संघ के प्रधान सुभाष बुम्बक तथा नगर निगम से जेई मनीष विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## मच्छरों से निपटने को सभी वार्डों में होगी फॉगिंग

**करनाल।** बरसात बढ़ती मच्छरजनित बीमारियों को देखते हुए नगर निगम करनाल ने शहर के सभी वार्डों में फॉगिंग करवाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मंगलवार को नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित हुई, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ रणनीति तैयार की गई। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ. अनु शर्मा सहित नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। निगमायुक्त ने कहा कि बारिश के मौसम में मच्छरों के पनपने की आशंका अधिक रहती है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। इसे रोकने के लिए फॉगिंग एक प्रभावी उपाय है। उन्होंने बताया कि फॉगिंग के लिए निगम के पास 21 मशीनें उपलब्ध हैं। मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा को निर्देश दिए गए हैं कि सभी वार्डों के अनुसार फॉगिंग शेड्यूल तैयार करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी गली या मोहल्ला छूटे नहीं। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि सीएमओ कार्यालय से दवाई प्राप्त कर फॉगिंग शीघ्र शुरू की जाए। डॉ. वैशाली शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 10 दिन के अंदर पूरे निगम क्षेत्र में एक चक्र फॉगिंग पूरा हो जाए और उसके बाद 10 दिन बाद फिर से दोबारा फॉगिंग की जाए, ताकि मच्छरों को पनपने का कोई अवसर न मिले। बैठक में बायोलॉजिस्ट पिंकी, एपिडेमियोलॉजिस्ट शिल्पा, सफाई निरीक्षक संदीप कुमार, ऊषा रानी तथा सहायक सफाई निरीक्षक प्रवेश कुमार व गुलाब सिंह भी उपस्थित रहे।



### ताइक्वांडो चैंपियन माहिका ने जीता गोल्ड मेडल

करनाल। करनाल की बेटी माहिका ने स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर करनाल और पूरे हरियाणा को गौरवान्वित किया है। 1 से 2 अगस्त तक अमृतसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया से जुड़ी अंडर-17 वर्ग की खिलाड़ी माहिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय मास्टर सतीश कुमार राणा ने माहिका का स्वागत अकादमी परिसर में फूल-मालाओं और मेडल पहनाकर किया। इस मौके पर माहौल भावुक और गर्व से भरा रहा। सतीश कुमार राणा ने माहिका को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उसकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने यह मुकाम दिलाया है। उन्होंने कहा कि अब माहिका का चयन सितंबर में महाराष्ट्र में होने वाली नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए हो गया है और वे उम्मीद करते हैं कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीतकर देश का नाम रोशन करेगी। समारोह में खिलाड़ियों के अभिभावकों समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर कमल गाबा, पूजा, डॉ. सचिन, अनीता, सरिता रोहिल्ला, नवल देवी सहित कई अन्य अतिथियों ने माहिका को शुभकामनाएं दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### फव्वारा पार्क में योग से स्वस्थ जीवन की प्रेरणा

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत फव्वारा पार्क सेक्टर 12 की योग कक्षा में योग गुरु दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राणायाम और योग की विभिन्न क्रियाओं के लाभों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नियमित उपस्थिति के लिए योग शिक्षिका नीलम बटला को सम्मानित किया गया। अन्य साधक जैसे एनफ चौधरी, स्नेहा, नरेंद्र खोखर, रमेश चावला और अजय कंबोज को भी पुरस्कृत किया गया। दिनेश गुलाटी ने कहा कि हमारा उद्देश्य हर घर तक योग को पहुंचाना है, ताकि हर नागरिक स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन जी सके।

## चरित्र निर्माण व लक्ष्य साधने का समय है कॉलेज जीवन: डॉ. आरपी सैनी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज करनाल में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत हेतु आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम में कॉलेज प्राचार्य और चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के कुलपति प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में कहा कि कॉलेज जीवन केवल पढ़ाई का नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, आत्मविकास और लक्ष्य प्राप्ति का श्रेष्ठ अवसर होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्म-अनुशासन, समय प्रबंधन, संयम को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाली हर चुनौती को अवसर के रूप में लेकर हमें निखरना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि डीएवी कॉलेज केवल शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा और सत्कार की परंपरा को भी जीवित रखता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे कॉलेज की गरिमा, अनुशासन और उत्कृष्टता को बनाए रखें और इसे और ऊंचाइयों तक ले जाएं। डॉ. सैनी ने विद्यार्थियों को मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने, पुस्तकों से जुड़ने और नियमित कक्षाओं में भाग लेने का भी संदेश दिया। उन्होंने कॉलेज की अनुशासन समिति, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशालाएं, डिजिटल लर्निंग संसाधन और खेल गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी।

## नीलोखेड़ी में आवारा कुत्तों का आतंक एक ही दिन में 15 लोग हुए घायल

**करनाल।** नीलोखेड़ी शहर की सड़कों और गलियों में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे आमजन की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। सोमवार को नागरिक अस्पताल में कुत्तों के काटने के 15 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचे, जिनमें कई बच्चे व महिलाएं भी शामिल हैं। नागरिक अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वंदना अग्रवाल ने बताया कि यह समस्या अब गंभीर रूप ले चुकी है। यदि नगर पालिका प्रशासन इस दिशा में त्वरित कदम नहीं उठाता, तो रैबीज़ जैसी गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहेगा। उन्होंने नगरपालिका से प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने की अपील की है ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### श्री खाटू श्याम मंदिर में पुत्रदा एकादशी मनाई



करनाल। करनाल की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में मंगलवार को पुत्रदा एकादशी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर को फूलों से सजाया गया और सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें भजन गायकों ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान कर भक्तों को भाव-विभोर किया। संध्या आरती के समय मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। पंडित दीपक पांडे ने बताया कि सावन की शुक्ल पक्ष की एकादशी को पुत्रदा एकादशी कहा जाता है और इस दिन भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व होता है।

## नशा होता अच्छा तो मां कहती खा ले मेरे बच्चा: डॉ. अशोक कुमार वर्मा

- एनसीबी का 252वां जागरूकता कार्यक्रम, 500 विद्यार्थियों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से गुरु ब्रह्मानन्द राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, नीलोखेड़ी में नशा विरोधी जागरूकता अभियान के तहत 252वां कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले करीब 500 विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और सामाजिक कुरीतियों से बचने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ब्यूरो के जागरूकता एवं पुनर्वास प्रभारी उपनिरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा – /"यदि नशा अच्छा होता, तो माँ स्वयं कहती– खा ले मेरे बच्चा।/" उन्होंने कहा कि नशा न केवल शरीर को कमजोर करता है, बल्कि परिवार, शिक्षा और भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्चना शर्मा ने की। विशेष रूप से संस्थान के 10 शिक्षक और 25 से अधिक विद्यार्थियों के अभिभावक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

डॉ. वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों का पहला कर्तव्य शिक्षा ग्रहण करना और अच्छे संस्कारों के साथ जीवन को दिशा देना है। उन्होंने नशे की दलदल से बचने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने की शपथ ली।

## हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



'हर घर तिरंगा' और 'तिरंगा यात्रा' अभियान को लेकर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार में पूर्व मंत्री एवं हर घर तिरंगा यात्रा के प्रदेश संयोजक असीम गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर नगर निगम मेयर रेणु बाला गुप्ता, हर घर तिरंगा अभियान के जिला संयोजक अमरनाथ सौदा, सह-संयोजक नरेंद्र गौरसी, योगेंद्र मैहला, प्रमोद नागपाल सहित अभियान से जुड़े सभी प्रमुख कार्यकर्ता एवं भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि /"हर घर तिरंगा/" कोई राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि देश की अस्मिता, एकता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक अभियान है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हर नागरिक के अंदर देशभक्ति की भावना को जागृत करना और तिरंगे के महत्व को गहराई से समझाना है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला का हिस्सा है, जिसे केंद्र सरकार द्वारा लगातार चौथे वर्ष चलाया जा रहा है।

### यह अभियान 15 अगस्त तक तीन चरणों में चलेगा

- ▶▶| पहला चरण: 8 अगस्त तक,
- ▶▶| दूसरा चरण: 9 से 12 अगस्त तक,
- ▶▶| तीसरा चरण: 13 से 15 अगस्त तक।

प्रतिमाओं की सफाई व माल्यार्पण का आह्वान असीम गोयल ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि अपने-अपने क्षेत्रों में लगे स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं की सफाई, माल्यार्पण और जन-भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान हर वर्ग के नागरिक को जोड़ने का माध्यम है और हमें समाज के सभी तबकों को इसके साथ जोड़ना होगा।

## मानदेय न मिलने के विरोध में आंगनबाड़ी वर्कर्स का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




फेस रिकग्निशन सिस्टम की अनिवार्यता और छह महीने से लंबित केंद्रांश मानदेय को लेकर आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने फव्वारा पार्क से जिला सचिवालय तक रोष मार्च निकाला और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नाम ज्ञापन जिला कार्यक्रम अधिकारी को सौंपा।

इस प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान रूपा राणा ने की, जबकि संचालन जिला सचिव बिजनेश राणा ने किया। सभा में सुदेश सग्गा, सर्वेश राणा, सरोज, रीना देवी, मूर्ति, मदन कलरा, पिंकी, संतोष, गीता, रेखा, शालिनी, नरेश, ममता, बबीता, मंजू बवेजा, नीलम, कांता, सुनील पानीपत, ओपी माटा, सतपाल सैनी, जगपाल राणा, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। वक्ताओं ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों और महिलाओं को मिलने वाला टेक होम राशन अब पोषण ट्रैकर ऐप के फेस रिकग्निशन सिस्टम के जरिए ही वितरित किया जाएगा, जो अनुचित और अव्यवहारिक है। इससे न केवल लाभार्थी वंचित होंगे, बल्कि यह खाद्य सुरक्षा कानून का भी उल्लंघन है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। यूनियन ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से इस विषय में त्वरित हस्तक्षेप की अपील की है।

### प्रमुख मांगें

- ▶▶| फेसिंग सिस्टम की अनिवार्यता को तत्काल वापस लिया जाए।
- पोषण ट्रैकर ऐप के लिए ▶▶| आवश्यक मोबाइल उपकरण, टैब या कंप्यूटर सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाएं।
- ▶▶| हर केंद्र पर मुफ्त वाई-फाई या डाटा सुविधा सुनिश्चित की जाए।
- बिना आधार प्रमाणीकरण के सभी ▶▶| लाभार्थियों को पोषण सामग्री दी जाए।
- ▶▶| सभी आंगनवाड़ी वर्करों को लंबित केंद्रांश मानदेय तत्काल जारी किया जाए।

## सभी गौशालाओं में गोबर गैस प्लांट स्थापित करें: श्याम सिंह राणा

- जिले के पांचों खंडों करनाल, निसिंग, नीलोखेड़ी, असंध और

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे राज्य की सभी गौशालाओं में गोबर गैस प्लांट स्थापित करें। उन्होंने कहा कि गोबर से ही पेंट बनाने और दूध से विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार करने की संभावनाएं तलाशें, ताकि गौशालाएं आत्मनिर्भर बनें और लोगों को गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पाद उपलब्ध हों। पशुपालन मंत्री राणा करनाल स्थित विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मार्च 2025 के बजट में की गई घोषणाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट की सभी घोषणाएं समय पर पूरी की जाएं।

### वैज्ञानिकों से सीखकर करें तकनीकी उपयोग

उन्होंने अधिकारियों को करनाल स्थित नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट (**NDRI**) का दौरा कर वहां की आधुनिक तकनीकों का अध्ययन करने को कहा। साथ ही यह निर्देश भी दिया कि वैज्ञानिक पद्धति का उपयोग कर राज्य के पशुओं की नस्ल सुधारें और दुग्ध उत्पादन में नवाचार लाएं। उन्होंने **NDRI** की तकनीकियों के अधिकतम उपयोग की संभावनाएं तलाशने का भी निर्देश दिया।

**संगोष्ठी** | खंड स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में जिले भर से 168 विद्यार्थियों ने लिया भाग

## क्वांटम युग की चुनौतियों को समझें और विज्ञान में शोध को अपनाएं: दीपक वर्मा

- जिले के पांचों खंडों करनाल, निसिंग, नीलोखेड़ी, असंध और इंद्री से आए कक्षा 8वीं से 10वीं तक के कुल 168 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, सेक्टर-13 करनाल में आयोजित खंड स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने 'क्वांटम युग का आगाज़ और उसकी चुनौतियां' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस संगोष्ठी में जिले के पांचों खंडों करनाल, निसिंग, नीलोखेड़ी, असंध और इंद्री से आए कक्षा 8वीं से 10वीं तक के कुल 168 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा के तत्वावधान में जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल के मार्गदर्शन एवं जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा के नेतृत्व में हुआ। विद्यालय प्रभारी सपना पुरी ने सभी अधिकारियों एवं अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। खंड करनाल के नोडल अधिकारी जयवीर ढाका ने जानकारी दी कि संगोष्ठी में प्रतिभागियों ने पोस्टर, चार्ट और कंप्यूटर स्लाइड्स के माध्यम से क्वांटम युग से संबंधित विचार प्रस्तुत किए। जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "आज का युग विज्ञान का युग है और हमें अब शोध की दिशा में आगे बढ़ना होगा। क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांतों से ही हम सूक्ष्म स्तर पर पदार्थ और ऊर्जा को समझ सकते हैं।

### छात्रों में वैज्ञानिक सोच को जन्म देती हैं ऐसी गोष्ठियां

*खंड शिक्षा अधिकारी सीमा मदान ने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियाँ विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, अभिव्यक्ति क्षमता और रचनात्मकता को विकसित करती हैं। संगोष्ठी में करनाल से 56, निसिंग से 23, नीलोखेड़ी से 38, असंध से 29 और इंद्री से 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल सैनी, दलीप सिंह, सुनीता बंसल, रूमा देवी, जयवीर ढाका, रेनू सांगवान, अंजू लाठर, नवजोत, भारती, अलका, नीलम बंसल, रचना, निधि सहित शिक्षकों का सहयोग रहा।*

## निगम कमिश्नर डॉ.पंकज ने बुके देकर किया अभिनंदन

# मेयर ने 3 मनोनीत पार्षदों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

*मेयर कोमल सैनी ने जिला सचिवालय सभागार में आज नगर निगम के 3 मनोनीत पार्षदों को शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शपथ दिलाई। मेयर कोमल सैनी ने शपथ दिलाते हुए कहा कि अब हमारा परिवार और बढ़ेगा व विकास की ओर संभावनाएं बढ़ेगी। उन्होंने सभी को लगन से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने मनोनीत पार्षद हिमांशु बांगा, धर्मवीर कश्यप और डा.गौरव श्रीवास्तव को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पहुंचने पर निगम कमिश्नर डॉक्टर पंकज कुमार यादव ने मेयर कोमल सैनी व भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का बुके देकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महासचिव डा.अर्चना गुप्ता, निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, निगम संयुक्त आयुक्त डॉ.संजय, विधायक प्रमोद विज के बेटे राहुल विज, पूर्व मेयर अवनीत कौर, निगम मुख्य लेखाकार राजेश गर्ग, पार्षद संजीव दहिया डीएमसी अरुण भार्गव, पार्षद अशोक कटारिया आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।*


शपथ लेते हुए पार्षद डा.गौरव श्रीवास्तव ।


शपथ लेते हुए पार्षद हिमांशु बांगा ।


शपथ लेते हुए पार्षद धर्मबीर कश्यप


विद्यार्थियों को संबोधित करते सेना के अधिकारी ।

## जागरूकता सेमिनार में विद्यार्थियों को बताया सेना ज्वाइन करने का तरीका

**पानीपत।** भारतीय थल सेना में तैनात अधिकारियों ने आज हल्के के गांव पावटी के पीएमश्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एएआरओ भूपेंदर सिंह के नेतृत्व में सेना ज्वाइन करने की कार्यप्रणाली बताई। भारतीय थल सेना के प्रचार प्रसार अभियान का जिला के अंतर्गत पब्लिसिटी ड्राइव चल रहा है। सेना के रोहतक कार्यालय से आए अधिकारी एएआरओ भूपेंद्र सिंह से स्कूली बच्चों ने आर्मी ज्वाइन करने के तरीके पूछे। स्कूल के विद्यार्थियों को अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने अग्निवीर योजना के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि अधिकांश युवा भारतीय सेना में जाना चाहते हैं लेकिन जानकारी के अभाव में पिछड़ जाते हैं। इसलिए भारतीय सेना नें जन जागरूकता अभियान चलाया है। वहीं स्कूल इंचार्ज दयाशंकर ने सेना के अधिकारियों का विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए धन्यवाद किया। इस दौरान नायब सूबेदार अजय, सीएमड़ी बलराम भी मौजूद रहे।


**पानीपत।** जेल में बंदीगणों को राखी बांधने के बाद बीके बहनों को सम्मानित करते अधिकारी। **फोटो :हरिभूमि**

## बीके बहनों ने बांधी जेल में बंदीगणों को राखी

**पानीपत।** जिला जेल में आज ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विद्यालय से ब्रहमकुमारी सरला, अंजना, ब्रहमकुमारी मोनिका व अन्य बहनों द्वारा आने वाले रक्षाबंधन के पर्व के उपलक्ष्य में अधिकारीगण, जेल स्टाफ व बंदीगणों को राखी बांधी गई। इसके साथ ही उनके द्वारा सभी बंदीगणों को सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक संजीव कुमार द्वारा ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विद्यालय का जेल प्रशासन की तरफ से धन्यवाद किया गया।

## अनाज मंडी में अतिक्रमण करने वालों को नोटिस

**पानीपत।** मार्केट कमेटी ने अनाज मंडी परिसर में बनी आढ़त दुकानों के आगे तथा खुले परिसर में लगी अवैध रेहड़ी-ठेला और खोखे वालों को नोटिस दिया है। जिसमें अवैध कब्जाधारियों को खुद ही कब्जा हटाने का समय दिया है। शहरवासियों द्वारा अनाज मंडी परिसर में अतिक्रमण होने की शिकायत की गई थी। शिकायतकर्ता ने अनाज मंडी के खाली परिसर में रेहड़ी.ठेला वालों से लेकर तख्त और खोखे रखकर अतिक्रमण को बढ़ावा देने आदि की शिकायत की गई थी। इसके अलावा अनाज मंडी की चार दीवारी को तोडकर अवैध रूप से दरवाजे लगाने, अनाज मंडी की दीवार पर अवैध कब्जा कर लैंटर लगाने आदि की शिकायत भी की है। शिकायत के बाद मार्केट कमेटी प्रशासन हरकत में आया। मार्केट कमेटी सचिव सविता जैन ने बताया कि मार्केट कमेटी ने अपनी विभागीय कार्रवाई करते हुए टेम्प्रेरी खोखे वालों को रूटीन की कार्यवाही करते हुए नोटिस दिए हैं।

# छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया

- एसडी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



- स्वयंसेवकों को संबोधित करते अशोक शर्मा
- स्वयंसेवकों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई

श्री सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा ग्यारहवीं तथा 12वीं के 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अध्यक्षता प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने की। मुख्य अतिथि अशोक शर्मा राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व इंचार्ज रहे। कार्यक्रम का मुख्य विषय नशा मुक्ति तथा उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना था। मुख्य अतिथि अशोक शर्मा ने अपने राष्ट्रीय सेवा योजना के 11 साल का अनुभव तथा अपने अध्यापन के 40 साल के अनुभव को बच्चों से साझा किया। नशा सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरे समाज को कमजोर करता है। प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने कहा कि नशा व्यक्ति का स्वास्थ्य और भविष्य दोनों नष्ट कर देता है। वहीं प्रिंसिपल द्वारा स्वयंसेवकों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के इंचार्ज रणबीर ने सभी का धन्यवाद किया। अध्यापिका सिद्धेश्वरी, अध्यापक संदीप, राजेंद्र , कविता,अजय व तान्या आदि मौजूद रहे।

# नवज्योति में ब्लॉक स्तरीय खेलों का आयोजन


खिलाड़ियों से परिचय लेकर खेलों का शुभारंभ करते हुए बीईओ कृष्णा पूनिया ।

**पानीपत।** गांव जलालपुर स्थित नवज्योति पब्लिक स्कूल में खेलों का उद्घाटन बापौली बीईओ कृष्णा पूनिया ने किया। ब्लॉक लेवल पर कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, योगा, चेस, कराटे, कुश्ती, ताइक्वांडो आदि खेलों का आयोजन किया गया। कबड्डी में पीएम श्री ऊझा ने प्रथम व द्वितीय रिसपुर रहा। राजेंद्र, मुकेश रानी, शौकेंद्र,जगबीर डीपीई मौजूद रहे। वॉलीबॉल में पीएम श्री जलालपुर प्रथम, खो-खो में खोजकीपुर प्रथम रहा। अजय डीपीई ने ऑफिशियल की भूमिका निभाई। चेस में अंडर 14 में निकिता प्रथम, खुशी द्वितीय, तृतीय दिव्या रही। अंडर 17 में प्रथम प्रिया, द्वितीय आंचल, तृतीय देवांशी रही। अंडर 19 में निशा प्रथम, आयशा द्वितीय, लायबा तृतीया रही। विकास डीपीई ने चेस प्रतियोगिता सम्पन्न कराई। योग में नेहा प्रथम, तनु द्वितीय, पलक तृतीय स्थान पर रही। अंडर 17 में मौसम प्रथम, राधिका द्वितीय, मनु तृतीय स्थान पर रही। योगा की प्रतियोगिता अनिल वैद्य, डीपीई कुलदीप, कमला डीपीई ने सम्पन्न कराई। जितेन्द्र जागलान डीपीई कुराड़ ऑल ओवर इंचार्ज रहें। वहीं कल लडक़ों की प्रतियोगिता कराई जाएगी।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी पूरी करें अधिकारी : डीसी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया ने आज जिला सचिवालय के मीटिंग हाल में 79 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह तैयारियां पूरी करने के लिए अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के लिए जिस भी विभाग को जो दायित्व दिया जाए उसे निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह शिवाजी स्टेडियम में मनाया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज यादव, एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार एसडीएम इसराना नवदीप सिंह, नगराधीश टीनू पोसवाल,डीएसपी सतीश वत्स सहित सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद थे।

# प्रकृति की गोद में ही मानव लम्बा जीवन जी सकता है : नेहा शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में भाजपा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा नेहा शर्मा के नेतृत्व में महिला मोर्चा पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों की बैठक हुई। जिसमें एक पेड़ मां के नाम, रक्षाबंधन व तिरंगा यात्रा के विषय में चर्चा हुई तथा संगठन की मजबूती व आपसी सहयोग को लेकर विचार विमर्श हुआ। सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। मोर्चा जिला अध्यक्ष नेहा शर्मा ने कहा की मानव प्रकृति की गोद में रहकर ही अपना 100 साल का जीवन सुखी रहकर व्यतीत कर सकता है। पेड़ पोधों से हमें जहां पोस्टिक भोजन, स्वादिष्ट फल और स्वास्थ वर्धक आयुर्वेदिक औषधिया मिलती हैं। इस अवसर पर महामंत्री सोनिया गाबा, रेनू धीमान, आशु नंदा, सिमरन, शीना, सरोज शर्मा, खुशबू खेड़ा, बिमला रानी, सुनीता राजपाल व पुष्पा आदि उपस्थित रही।


**पानीपत।** बैठक में उपस्थित महिला मोर्चा की पदाधिकारी व सदस्य। **फोटो :हरिभूमि**

# भगवान भोलेनाथ की सेवा में भंड़ारा लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



श्री भोले बाबा अमरनाथ सेवा समिति काठ मंडी समालखा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 2025 मैं अपना भंडारा लेकर अमरनाथ यात्रा पर गए। लगभग 30 दिन लंगर सेवा चली और इस बार हमारा लंगर बालटाल में लगाया गया। हमारे 25 सदस्य हलवाई की टीम के साथ बालटाल में सेवा करते रहे। सेवा समिति के प्रधान स्नेह गर्ग ने बताया कि मनोज बंसल, श्याम अग्रवाल,राहुल,अजय,सोनू, अशोक,सागर,छोटू,राखी,सुनीता समेत दर्जनों लोग बालटाल में सेवा पर रहे और हमारा लंगर 2 तारीख को वापस समालखा पहुंचा। हमारा लंगर भोले बाबा के आशीर्वाद से संपन्न हुआ। स्नेह गर्ग ने बताया कि हमारे समालखा वालों के लंगर में समालखा विधायक मनमोहन भडाना की विशेष कृपा रही। वर्षों से भगवान भोलेनाथ की सेवा में भंडारा चल रहा है। हमारी समिति के सदस्य भंडारे में वर्षों से निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। वहां रोजाना हजारों श्रद्धालुओं की दैनिक सेवा के लिए यह पूरा सेवादल पूरी ऊर्जा से जुटा हुआ है। भंडारे में सिर्फ भोजन नहीं,बल्कि श्रद्धा,समर्पण और अपनेपन की भावना है।जो बाबा बर्फानी तक हमें जोड़े रखती है।

# दयाल सिंह स्कूल में भाषण प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- कक्षा के प्रत्येक सदन से पांच-पांच प्रतिभागियों को चयनित किया गया

सैक्टर 13-17 स्थित दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में आज हिंदी विभाग की ओर से हिन्दी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ.विनीता कुमार तोमर ने किया। कक्षा तीसरी से आठवीं के बच्चों ने भाग लिया। जिनमें से कक्षा के प्रत्येक सदन से पांच-पांच प्रतिभागियों को चयनित किया गया। प्रतिभागियों ने विद्यार्थियों की शिक्षा के प्रति घटती रूचि, हमारे बुर्जुग हमारी धरोहर, जीवन में बढ़ता तनाव एक समस्या, भारत फिर विश्व गुरू बनेगा, छात्र वर्ग और गिरते नैतिक मूल्य, परमाणु कार्यक्रम एक खतरा, समय का महत्व, अनुशासन, सोशल मीडिया, जंक फूड के नुकसान, जल एक बूंद और पुस्तक मेरी दोस्त आदि विषयों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई कला छिपी होती है। बस आवश्यकता होती है इसे निखारने की। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. नीलम वत्स और डॉ.रवि जांगडा ने निभाई। मंच संचालन छात्र शौर्य आत्रे, अनिका और गर्वित ने किया।


**पानीपत।** प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के साथ प्रधानाचार्या डा.विनीता तोमर व अन्य। **फोटो :हरिभूमि**

## सीबीएसई स्पर्धा में एसडी की छात्रा ने जीता रजत

**पानीपत।** सेक्टर 6 स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 8वीं की छात्रा नविता ने गुरुग्राम में आयोजित सीबीएसई संभागीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपने साथ-साथ अपने विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया है। छात्रा की इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या रूचि शर्मा ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## डीसी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बीते 2 वर्षों में जमीनी कार्यशैली से खींची एक नई लकीर

**पानीपत।** हरियाणा सरकार में परिवहन, शिक्षा और मार्केटिंग बोर्ड जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह कर अपनी अमिट पहचान छोड़ने वाले वीरेन्द्र कुमार दहिया (आईएएस) पिछले 2 वर्षों से जिले में बतौर उपायुक्त अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। सरल व्यक्तित्व, मजबूत प्रशासनिक पकड़ और नवाचारों के प्रति गहरी समझ रखने वाले व्यक्तित्व ने जिले में सरकारी नीतियों और जमीनी कार्यशैली से एक नई लकीर खींची है। पारंपरिक नौकरशाही से अलग हटकर उनकी कार्यशैली एक सेवक की तरह अधिक प्रतीत होती है। चाहे डिजिटल प्रशासन हो, भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्ती या पारदर्शिता की स्थापना हर मोर्चे पर वे स्वयं उपस्थित रहे हैं। हर कार्य में उनकी कार्यशैली बोलती है। मजेदार बात यह है की उनका अब तक का 2 वर्ष 3 महीने 24 दिन का कार्यकाल शीर्ष प्रभावी प्रशासक के मॉडल की तरह साबित हुआ है। उन्होंने प्रशासनिक अनुशासन, पारदर्शिता और सक्रिय निरीक्षण के माध्यम से जिले में मजबूत सुधार हुए हैं। वे कहते हैं प्रशासनिक अधिकारी का काम सिर्फ प्रशासन चलाना नहीं, बल्कि समाज के विकास में अहम भूमिका निभाना भी होता है।



## गोयंकनस के साथ सेवानिर्वित कर्नल सतीश ओबरॉय ने किए विचार सांझा

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में सेवानिर्वित कर्नल सतीश ओबरॉय पहुंचे। उनका स्वागत तिलक लगाकर और विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन ने पुष्पगुच्छ देकर किया। जबकि उनके स्वागत में कक्षा सातवीं की छात्रा आंशु ने नृत्य पेश किया। कर्नल ओबरॉय ने सेना में सेवारत रहते हुए अनुभव बच्चों को सांझा किए और उनको सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित और उत्साहित किया। बच्चों ने बड़े ध्यान से उनको सुना और अपने संदेह को उनसे पूछकर दूर किया। अंत में उनको दुशाला ओढाकर और बच्चों द्वारा निर्मित पेंटिंग से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वाईस चेयरमैन युवराज जैन, सीए कमल किशोर, एडवाइजर मुस्कान जैन व मैनेजर बलराम आदि मौजूद रहे।


**पानीपत।** कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत करते आयोजक। **फोटो :हरिभूमि**

## आईबी कालेज में इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इंटर्नशिप ईकाई आईसीटी अकादमी एवं इनफोसिस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रीमियर बैंकर पर चलाए जा रहे ट्रेनिंग कार्यक्रम के समापनसत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक, उपप्राचार्या डॉ.किरण मदान, माधवी कोऑर्डिनेटर इंटर्नशिप ईकाई, शिखा जुनेजा, सॉफ्ट स्किल ट्रेनर एवं रुचिका बत्रा, डॉ.नीतू मनोचा द्वारा आईसीटी अकादमी से सौमेन नाहा को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि बैंकिंग एक ऐसा विषय है जो कि हम सभी से सम्बंधित है। इस ट्रेनिंग का उद्देश्य यही है कि जो विद्यार्थी बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं उन्हें आवश्यक कौशल एवं ज्ञान मिल सके। वहीं विद्यार्थियों ने ट्रेनिंग लेकर अपने अनुभव सांझा किए। माधवी ने सभी का धन्यवाद किया। मंच संचालन बीकॉम तृतीय वर्ष से रिया व श्रुति ने किया। इस अवसर पर रुचिका बत्रा, शिखा जुनेजा, डॉ.नीतू मनोचा, टिंकू, गणेश, शालू, पूनम व पवन आदि मौजूद रहे।



## महिलाएं राजनीति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें : नैना चौटाला

**पानीपत।** देवी लाल मैमोरियल कन्या महाविद्यालय सिवाह पानीपत में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक नैना चौटाला का महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर सबसे पहले नैना चौटाला ने कालेज प्रांगण में स्थित स्व.सतबीर कादियान की मूर्ती पर पुष्प अर्पित किए। उसके बाद सेमिनार में महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जजपा के सरकार में रहते पूर्व मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पंचायती राज चुनाव में महिलाओं की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी व राशन डिपो में 30 से 33 प्रतिशत हिस्सेदारी का कानून पास करके उनके मान और सम्मान को बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पंचायत से लेकर लोकसभा तक हर चुनाव में हिस्सेदारी करनी चाहिए ताकि महिलाओं की समस्याओं का ज्यादा समाधान करा सकें। सेमिनार को रजनी मलिक, फूलपती, देवेंद्र सिंह कादियान आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रैस प्रवक्ता अजय सिंह बिंझौल, महिला जिलाध्यक्ष गीता पलड़ी, सुरेश जागलान, मीनाक्षी, सरिता मोर, इनसो जिलाध्यक्ष बलराज देशवाल, राजेन्द्र जैलदार, सुरेश काला, बलकार देशवाल, कृष्ण चंदौली आदि मौजूद रहे।

## आर्य गर्ल्स स्कूल में मेद्यावी छात्राएं व श्रेष्ठ शिक्षिकाएं सम्मानित


मेद्यावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए अतिथिगण व आयोजक ।

**पानीपत।** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में आज एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अखिल भारतीय विकास परिषद की ओर से विद्यालय के श्रेष्ठ शिक्षकों एवं मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों तथा अकादमी, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित करना था। प्रधानाचार्या मीनाक्षी अरोड़ा ने परिषद के प्रतिनिधियों का स्वागत किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेश अग्रवाल,ज्योति, सिम्मी, रेनु ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विभिन्न वर्गों के चयनित छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। जिसमें छात्राओं में युविका, दिपिका, दिपांशी, पलक गुप्ता व भूमिका रही। श्रेष्ठ शिक्षण कार्य के लिए धर्मेंद्र, सोनम,ज्योति को वरिष्ठ शिक्षक के रूप में प्रशंसा पत्र से नवाजा गया।

## आरएस स्कूल के विद्यार्थियों ने सीखी कई गतिविधियां



**पानीपत।** सौंदापुर स्थित आरएस पब्लिक स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आज स्कूल में विशेष कक्षा का आयोजन किया गया। जिसका संचालन डांस मास्टर अनिल ने किया। इस कक्षा में बच्चों ने कई प्रकार की गतिविधियां सीखी जिसमें योगा, नृत्य, एरोबिक, जूमबा एवं ध्यान लगाना शामिल रहे। स्कूल के चेयरमैन वीरेन्द्र सैनी ने कहा कि बच्चों के लिए स्कूल में अन्य गतिविधियां करवाना एक अच्छा विचार है। इससे छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है और वे जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर तरीके से तैयार होते हैं। प्रधानाचार्या ललिता शर्मा ने बच्चों को अधिक से अधिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।


गांव राणा माजरा में जागरूकता रैली निकालते स्वास्थ्य कर्मी।

## राणा माजरा में दिलाई बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शपथ

**बापौली।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊझा के डा. दीपक सैनी के आदेश पर आयुष्मान आरोग्य मन्दिर गढ़ी बेसिक के गांव राणा माजरा के परिसर मे बेटी बचाओ. बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत ग्रामीणों शपथ दिलाई गयी। डा.आकृश श्रीवास्तव ने पीनडीटी एक्ट के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना बालिकाओं को सुरक्षित करने की योजना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मी सतबीर सिंह, महिला स्वास्थ्य कर्मी सीमा, संगीता, ममता, पूजा, कुसम, ज्योति आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### प्राचीन शिव मंदिर में किया पौधारोपण

**अंबाला।** अग्रणी समाज सेवी संस्था सर्वधर्म समाज कल्याण सोसायटी र ने श्रावण मास पड़ने वाले अंतिम यानि चौथे सोमवार को भगवान श्री महाकालेश्वर प्राचीन मंदिर गांव झंड़ा, कालाआम में पूजा अर्चना कर भगवान शंकर व माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्था द्वारा यहां पर पर्यावरण शुद्धता तथा स्वास्थ्य लाभ हेतु मंदिर के प्रांगण में तुलसी तथा गुलमोहर के पांच औषधीय व फूलदार पौधे लगाए गए।

### राष्ट्र प्रेम मंच ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्र प्रेम मंच के सदस्यों ने राष्ट्र प्रेम मंच के संयोजक विजय सैनी की अगुवाई में सिटी मजिस्ट्रेट आशीष कुमार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया गया था जिसमें मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं की पहचान हुई है। जिसमें लाखों लोगों की वोट फर्जी पाई थी। राष्ट्र प्रेम मंच से आपसे मांग करता है कि बिहार की तर्ज पर पूरे देश में विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलाया जाए। मतदाता सूची को स्टीक व पारदर्शी बनाया जाए।

### जयराम स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कुरुक्षेत्र स्थित पैनोरमा, श्री कृष्ण संग्रहालय एवं धरोहर का अवलोकन किया। स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने जानकारी दी है।

### विधायक निर्मल सिंह ने जलभराव को लेकर ट्रिपल इंजन सरकार पर बोला हमला

# अपना घर डूबता रहा, पड़ोसी का घर बचाने में व्यस्त रही सुपर सकर मशीन

- विधायक निर्मल सिंह का सवाल किसके इशारे पर छोड़ा गया शहर राम भरोसे?
- सोशल मीडिया पर विधायक के लापता होने का पोस्टर वायरल, विधायक ने फेसबुक चैनल के खिलाफ डीजीपी को भेजी शिकायत



**अंबाला।** विधायक निर्मल सिंह का वायरल पोस्टर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विधायक निर्मल सिंह ने बरसात के बाद हुए जलभराव को लेकर भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि बरसात आई और अंबाला शहर के 'सुपर सफाई अभियान' की हकीकत नालों में बह गई। जिन नालों पर भाजपा नेता व उनके प्रतिनिधि कैमरों के सामने उतरकर 'सफाई' के नाम पर फ़ोटो खिंचवाते नज़र आते थे वहां कीचड़ और गंदा पानी अब लोगों के घरों तक घुस गया। भाजपा की 'ट्रिपल इंजन' की सरकार लाखों-करोड़ों रुपए सिर्फ दिखावे के लिए खर्च करके बड़े बड़े होर्डिंग्स लगवाकर शहर को 'साफ शहर'बनाने की सुर्खियां बटोर रही है। पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने कहा कि चौकाने वाली बात ये है कि अंबाला नगर निगम की करोड़ों की लागत से खरीदी गई 'सुपर सकर मशीन' जो शहर के जल निकासी संकट में सबसे बड़ा हथियार हो सकती थी, पिछले एक सप्ताह से यमुनानगर में काम कर रही है। वह भी सार्वजनिक रूप से यमुनानगर की मेयर खुद अपने बयानों में बता चुकी हैं कि अंबाला से सुपर सकर मशीन मंगवाकर शहर की सफाई करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अब सवाल यह उठता है की अंबाला शहर डूबता रहा पर मशीन यमुनानगर में किसके आदेश पर? किसके इशारे पर? किस स्वीकृति से गई?

#### भाजपा व्यस्त रही प्रचार में

विधायक ने कहा कि अंबाला शहर के कई मोहल्लों में घुटनों तक पानी भर गया। जनता त्राहिमाम करती रही लेकिन भाजपा के नेता बयानवीर बनकर तिरंगा यात्राओं और फोटो सेशनों में व्यस्त रहे। निर्मल सिंह ने इस आपदा को प्रशासनिक भ्रष्टाचार और राजनीतिक ढोंग का जीवंत उदाहरण बताया है। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि सवाल यह नहीं कि यमुनानगर में सफाई क्यों हुई, सवाल यह है कि अंबाला की सुपर सकर मशीन वहां कैसे पहुंची? किस अधिकारी ने लिखित अनुमति दी? नगर निगम के अधिकारी और भाजपा नेता जनता को यह स्पष्ट क्यों नहीं करते कि अपने ही डूबते शहर को राम भरोसे छोड़कर दूसरों को राहत देने की मजबूरी क्या थी?

#### विज्ञापनों के ज़रिए झूठी चमक तो खूब बिखेरी

उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेताओं की 'डबल ट्रिपल इंजन सरकार' ने विज्ञापनों के ज़रिये झूठी चमक तो खूब बिखेरी, लेकिन जब धरातल पर पानी चढ़ा, तो सारा प्रचार बह गया। शहर में जल निकासी व्यवस्था ध्वस्त है, नाले कागज़ों में साफ हुए, मशीनें शहर से बाहर भेज दी गईं और जनता भगवान भरोसे छोड़ दी गई। विधायक निर्मल सिंह ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। स्पष्ट किया कि नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी,भाजपा नेता सभी को इसका सार्वजनिक जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण लापरवाही नहीं है। यह जनता की पीड़ा और करदाताओं की मेहनत पर तमाचा है।

#### विधायक निर्मल सिंह के लापता होने के पोस्टर वायरल

अंबाला शहर में जलभराव को लेकर विधायक निर्मल सिंह के लापता होने का एक पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पोस्टर पर कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह की फोटो लगाकर लिखा गया है- कहां हो चौधरी साहब? आपको ढूंढ रहा अंबाला। यह पोस्ट एक एक फेसबुक चैनल पर डाली गई है। पोस्टर में चौ. निर्मल सिंह की हाथ जोड़े हुए की फोटो लगाई है। उधर विधायक के पीए नितिन भाटिया ने पुलिस को शिकायत भेजकर चैनल के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। विधायक ने इस पोस्टर के पीछे पूर्व मंत्री असीम गोयल का हाथ होने की बात कही है।

#### निर्मल सिंह के पीए ने शिकायत दर्ज कराई

बता दें कि सोमवार सुबह से हुई तेज बारिश के बाद अंबाला शहर में जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्टर जमकर वायरल हो गया। पोस्टर में ये भी लिखा है- शहरवासियों के वोट लेकर छावनी में मिल रहे गले। जिस पेज से ये पोस्टर वायरल किया गया है उसके खिलाफ एमएलए ने शिकायत लिख कार्रवाई की मांग की है। निर्मल सिंह के पीए नितिन भाटिया द्वारा ये शिकायत दी गई है। शिकायत में लिखा है कि देश प्रदेश चैनल ने झूठी खबर चलाकर विधायक की मानहानि की है। बिना अनुमति चैनल ने विधायक के फोटो का उपयोग किया है। साथ ही सोशल मीडिया पर झूठी जानकारी फैलाकर विधायक की छवि को खराब करने का प्रयास किया है। शिकायत प्रदेश के डीजीपी, सचिव, डीपीआर, एडीपीआर को भी भेजी गई है। विधायक निर्मल सिंह ने दावा किया है कि इस पोस्टर के पीछे असीम गोयल है। जिस चैनल के पेज पर ये पोस्टर डाला गया है वो असीम गोयल की टीम का ही है। उन्होंने कहा है कि असीम अपने विरोधियों पर सीधे वार नहीं कर सकते हैं। इसलिए पोस्टर को वायरल किया है।


**अंबाला।** कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करती बीके बहनें।

# परमात्मा ही हमारा सच्चा रक्षक हर बुराई से हमारी करते हैं रक्षा

- कंचघर स्थित ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रक्षाबंधन का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के कंचघर स्थित ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रक्षाबंधन का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस प्रोग्राम में मुख्य वक्ता के रूप में अंबाला कैंट से राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रानी दीदी पधारी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायिक अधिकारी मनजीत पाल , सीएमओ राकेश भी पधारे। बीके रानी दीदी ने रक्षाबंधन का बहुत अच्छा अध्यात्मिक रहस्य बताया कि ये पर्व पवित्रता का पर्व है। हमें इस पर्व को सही अर्थ से मनाना है तो इस पर्व पर स्वयं से एक प्रतिज्ञा करनी है कि हम अपनी एक बुराई को यही छोड़ कर जाएंगे। जब भी बोलेंगे तो इस मुख से मीठा ही बोलेंगे। परमपिता परमात्मा ही हमारी हर बुराई से रक्षा कर सकते है, तो जितना हो सके उन्हें याद करेंगे। अपने जीवन को अच्छाई से भर देना है। सीएमओ डॉक्टर राकेश ने बताया कि हर एक त्यौहार हमारे जीवन में एक नये उमंग उत्साह को लेकर आता है। यदि हम हर दिन ही उमंग उत्साह में रहे सदा अपने चेहरे पर एक मुस्कान बनाए रखें तो हर दिन ही एक त्यौहार बन जाए। कभी गम का नाम ही न आए। यही सच्चे अर्थ में रक्षाबंधन मनाना है। सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने सभी को मेडिटेशन द्वारा गहन शांति की अनुभूति कराई। दृढ़ प्रतिज्ञा कराई कि सभी को दुआएं देते रहे। सभी आई हुई सभा को रक्षाबंधन का पवित्र सूत्र बांधा गया। साथ में मुख मीठा कराकर विजय का तिलक लगाया गया। कुमारी जानवी, एरिक ने नृत्य और कुमार विनायक ने अपनी कविता, कुमार निपुण ने बहुत सुंदर गीत के मध्यम से सबको मंत्रमुग्ध किया। मौके पर राकेश मक्कड़, बीके शोभा दीदी , भावना दीदी, एकता दीदी, सिमरन दीदी, नीरज भाई जी मौजूद रहे।

# तीन चरण में आयोजित होगा हर घर तिरंगा अभियान

### पहले चरण में शिक्षण संस्थानों में होगी गतिविधियां

- डीसी अजय सिंह तोमर बोले आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में लगातार चौथे साल आयोजित होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में लगातार चौथे वर्ष 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। 'हर घर तिरंगा' अभियान 15 अगस्त 79वें स्वतंत्रता दिवस तक तीन चरणों में चलेगा। पहला चरण 2 से 8 अगस्त तक, दूसरा चरण 9 से 12 अगस्त तक तथा तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय और महानिदेशक सूचना जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से हर घर तिरंगा अभियान गाइडलाइन जारी की गई हैं। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 2 से 8 अगस्त तक स्कूलों की दीवारों और बोर्ड को तिरंगे से प्रेरित कला से सजाया जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी भवनों में प्रदर्शनियों का आयोजन होगा। स्कूल, कॉलेज व सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएं और प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ ही सैनिकों और पुलिसकर्मियों को 'आभार पत्र' लिखकर डाक विभाग के समन्वय से राखियां भेजी जाएंगी। सार्वजनिक स्थानों व बाजारों में तिरंगे रंगों को प्रदर्शित करने के लिए तिरंगे धागे युक्त 'तिरंगा बुनाई और धागे' की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। दूसरे चरण में 9 से 12 अगस्त के बीच वृहद आयोजन होंगे। इस दौरान 'तिरंगा महोत्सव' के रूप में एक बड़ा आयोजन किया जाएगा। इसमें वृहद 'तिरंगा मेला' और 'भव्य तिरंगा म्यूजिकल कन्सर्ट' का आयोजन होगा।

### पुलिस खंगाल रही है सीसीटीवी

# इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम से सात एयर कंडीशन चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में घुसकर 6-7 लोगों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियों ने अंदर दाखिल होने के लिए पहले शटर को तोड़ा था। चोर दुकान से 7 एसी उठा कर चोर ले गए। दुकान मालिक सुबह किसी ने सूचना दी कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। इस पर वे तुरंत दुकान पहुंचे। उन्होंने पुलिस को मामले की सूचना दी। जिसके बाद ख़ुद पुलिस और सीआईडी की टीम दुकान पर जांच करने पहुंची।


दुकान मालिक राजीव भाटिया ने बताया कि उनकी अंबाला कैंट के राय मार्केट में भाटिया ब्रदर्स के नाम से इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। वे रोजाना की तरह ही दुकान बंद कर अपने घर को रात 9 बजे बंद कर निकले थे। इसके बाद रात को करीब 12 से 1 बजे के बीच में चोरों ने घटना को अंजाम दे दिया। चोरी में लगभग 2-3 लाख का सामान गया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। फोरेंसिक टीम को भी मामले की जांच में लगाया गया है। फोरेंसिक टीम ने मामले में सारे सुबूत एकत्रित किए हैं। साथ ही जांच के लिए महत्वपूर्ण फिंगरप्रिंट आदि लिए गए हैं। पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि सीसीटीवी में घटना कैद हुई है। दुकान से पूरा डीवीआर पुलिस ने अपने पास जब्त कर लिया है। सीसीटीवी के आधार पर आए चोरों की पहचान की जा रही है। दुकान मालिक ने बताया कि उनकी दुकान के चोरों ने शटर को तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सीजन के काम में इस नुकसान के बाद भरपाई आसान नहीं होगी।

### इंडस्ट्रीज इंटिग्रेशन के साथ नए पाठ्यक्रमों की कॉलेज में नए शिक्षा सत्र से हुई शुरूआत

# गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में अब छात्रों को एमबीए और एमसीए करने का भी मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कॉलेज में अब इंडस्ट्री इंटिग्रेशन के साथ एमबीए और एमसीए प्रोग्राम की एक नई शुरुआत हुई है। ये प्रोग्राम केपीएमजी, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और इंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड जैसी शीर्ष कंपनियों के सहयोग से शुरू किए गए हैं। प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने बताया की एआई इंटेंसिव युग क्रो देखते हुए बदलती मांगों को पूरा करने के लिए ये प्रोग्राम तैयार किया गया है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित इन प्रोग्रामों को तीन साल की अग्रिम स्वीकृति दी गई है। यह एक दुर्लभ उपलब्धि है जिसका श्रेय कॉलेज की शैक्षणिक उत्कृष्टता और करियर-उन्मुख शिक्षा के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को जाता है। यूजी कोर्स के साथ साथ कॉलेज मे एमए पॉलिटिकल साइंस, इंग्लिश और एमएससी मैथ के एडमिशन की भी प्रक्रिया चल रही है 1 इंडस्ट्री के साथ लांच किए गए प्रोग्राम न केवल अकादमिक ज्ञान प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं बल्कि छात्रों को उद्योग-संबंधित कौशल से भी लैस करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं जो रोज़गार क्षमता और उद्यमिता को बढ़ाते हैं। उद्योग के इनपुट से तैयार किए गए पाठ्यक्रम के साथ, छात्रों को अनुभवात्मक शिक्षा, केस-आधारित शिक्षण और लाइव प्रोजेक्ट्स का लाभ मिलेगा। जीएमएन कॉलेज ने एक मज़बूत प्लेसमेंट सपोर्ट सिस्टम भी स्थापित किया है। उसका उद्देश्य छात्रों के लिए कक्षाओं से करियर में एक सहज संक्रमण सुनिश्चित करना है। संकाय में प्रतिष्ठित संस्थानों के अनुभवी शिक्षक और पेशेवर शामिल हैं, जो पूरे शैक्षणिक सफ़र में गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन का वादा करते हैं।



जीएमएन कॉलेज का बाहरी दृश्य।

#### बुनियादी ढांचा और इनक्यूबेशन सहायता

जीएमएन कॉलेज आधुनिक बुनियादी ढांचे में निवेश जारी रखते हुए, सुविधाओं के मामले में खुद को शीर्ष संस्थानों में स्थान दिला रहा है। कॉलेज परिसर में अब नवोदित उद्यमियों को सहायता प्रदान करने के लिए एक समर्पित इनक्यूबेशन सेंटर भी शामिल है। इस पहल के माध्यम से, छात्र संस्थागत सहायता और मार्गदर्शन के साथ पायलट उद्यमों की अवधारणा तैयार कर सकेंगे, उन्हें शुरू कर सकेंगे और उनका विस्तार कर सकेंगे। इन कार्यक्रमों की एक उल्लेखनीय विशेषता यूनिवर्सल एआई यूनिवर्सिटी के साथ साझेदारी के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षण का एकीकरण है। इससे छात्रों को आधुनिक उद्योग के रुझानों से संबंधित एआई उपकरणों और अवधारणाओं में महारत हासिल करके प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल करने में मदद मिलेगी। शैक्षणिक कार्यों के अलावा, कॉलेज कैरियर परामर्श और व्यक्तिगत विकास सहायता भी प्रदान करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि छात्र न केवल पेशेवर रूप से तैयार हों, बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी सशक्त हों। नए पाठ्यक्रमों के बारे में बात करते हुए, जीएमएन कॉलेज के प्रिंसिपल ने कहा, हमारा लक्ष्य जीएमएन कॉलेज को भविष्य के लिए तैयार पेशेवरों का केंद्र बनाना है। ये नए एमबीए और एमसीए प्रोग्राम राष्ट्रीय और वैश्विक उद्योग मानकों के अनुरूप हैं और शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटने की दिशा में एक कदम आगे हैं। व्यावहारिक कौशल, कॉर्पोरेट जुड़ाव और छात्र-केंद्रित सहायता पर जोर देने के साथ, जीएमएन कॉलेज महत्वाकांक्षी प्रबंधन और आईटी पेशेवरों के लिए एक लोकप्रिय संस्थान बनने के लिए तैयार है।

**तैयारी** 13 को होगी फाइनल रिहर्सल, सौंपी गई समारोह में व्यवस्थाएं करने की जिम्मेदारी

# नई अनाजमंडी में आयोजित होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह, अधिकारियों को तैयारियों के आदेश दिए

- 9 अगस्त से 12 अगस्त तक रिहर्सल का आयोजन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** मीटिंग में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य व शानदार तरीके से आयोजित करने के दृष्टिगत सीईओ जिला परिषद गगनदीप एवं एसडीएम दर्शन कुमार ने संयुक्त रूप से विभागाध्यक्षों की एक बैठक ली। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह से पहले सभी तैयारियां सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह नई अनाज मंडी अंबाला शहर में आयोजित होगा। बैठक के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि समारोह स्थल पर पुलिस की व्यापक व्यवस्था रहे व ट्रैफिक व्यवस्था भी दुरूस्त रखें। इसके लिए पुलिस विभाग के अधिकारी इस कार्य को करना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम स्थल पर विभाग मुख्य स्टेज से व्यवस्था के साथ-साथ समारोह स्थल तक जाने वाले रास्तों पर सडक़ों की व्यवस्था को भी दुरूस्त रखें। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि समारोह स्थल पर सफाई व्यवस्था के साथ-साथ झंडों की व्यवस्था रखें। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को समारोह स्थल पर वीआईपी टॉयलेट के साथ-साथ पेयजल की व्यवस्था रखने के आदेश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कार्यक्रम स्थल पर फर्स्ट एड की व्यवस्था रखें। बागवानी विभाग, वन विभाग व एचएसवीपी विभाग के अधिकारी समारोह स्थल पर गमलों की व्यवस्था करवाएं व महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी समारोह स्थल पर रंगोली की व्यवस्था करवाएं। समारोह स्थल पर फायर ब्रिगेड की व्यवस्था के साथ-साथ एंबुलेंस की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। इस मौके पर जिला सैनिक बोर्ड के साथ अन्य अधिकारियों को निर्देश दिये कि समारोह के दृष्टिगत स्वतंत्रता सैनानियों, युद्ध वीरांगनाओं को कार्यक्रम में आमंत्रित करने की व्यवस्था करें। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम में पुलिस की परेड के साथ-साथ मास पीटी, डंबल, सांस्कृतिक कार्यक्रम व राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति होगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि समारोह में प्रस्तुत होने वाली प्रस्तुतियों के दृष्टिगत वे स्कूलों में प्रतियोगिताएं करवानी सुनिश्चित करवाएं ताकि जो भी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करे उसकी स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रस्तुति करवाई जा सके। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन के लिए वे स्कूलों में बच्चों की तैयारी रखें। उन्होंने अधिकारियों को एक बार फिर स्पष्ट किया कि समारोह की तैयारियों का लेकर किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त से 12 अगस्त तक रिहर्सल का आयोजन होगा और 13 अगस्त को फाइनल रिहर्सल होगी।

#### बैठक में मौजूद रहे

बैठक में नगर निगम के एएमसी दीपक सूरा, आरटीए सुशील कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, डीआरओ राजेश ख्यालिया, कार्यकारी अभियंता संदीप कुमार, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शशिकांत शर्मा, जिला मत्स्य अधिकारी सुमन, डीएफएससी अपार तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीषा गागट, जिला कल्याण अधिकारी अनु बंसल, जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक, डीआईओ परमजीत कौर व शुभम जोधा भी मौजूद रहे।

### विधायक पूजा चौधरी ने मुख्यमंत्री से वादा निभाने की अपील की

# साहा से कालपी और शहजादपुर जाने वाली सड़कें बने फोरलेन

- विधायक ने कहा कि उनके क्षेत्र की कई सड़कें खराब हालत में हैं, जिनके बारे में प्रशासन को अवगत कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


**बराड़ा।** कार्यकर्ताओ के साथ विधायक पूजा चौधरी। फोटो : हरिभूमि

मुलाना विधायक पूजा ने सोमवार को बराड़ा और साहा में आयोजित साप्ताहिक बैठक के दौरान प्रदेश सरकार हमला किया। कहा कि साहा चौक से कालपी और शहजादपुर की ओर जाने वाली दोनों मुख्य सड़कें जर्जर हालत में हैं। जिन पर गहरे गड्ढे पड़ चुके हैं। आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे न केवल वाहन चालकों बल्कि राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन सरकार की ओर से इन सड़कों के नवीनीकरण या मरम्मत को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विधायक ने बताया कि स्वयं मुख्यमंत्री ने इन दोनों सड़कों को फोरलेन बनाने की घोषणा की थी लेकिन अब तक न तो फोरलेन निर्माण शुरू हुआ और न ही मौजूदा सड़कों की मरम्मत की गई है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछली विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री ने जून माह तक प्रदेश की सभी टूटी सड़कों के नवीनीकरण का आश्वासन दिया था लेकिन वह भी अब तक केवल घोषणा बनकर रह गया है। विधायक ने कहा कि उनके क्षेत्र की कई सड़कें बेहद खराब हालत में हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005